# बारिश के मौसम में तालाब में पानी की कमी से नपा में हड़कंप

## आषाढ़ सूखा बीता, सावन की शुरुआत में नगर में जल संकट का साया, आनन-फानन में की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** आषाढ़ का महीना बीत चुका है और आज से पावन सावन माह की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन बादलों की बेरुखी ने शहर पर भीषण जल संकट का खतरा मंडरा दिया है। आमतौर पर बारिश के इस मौसम में जलस्रोत लबालब भर जाते हैं, लेकिन जिले में उम्मीद के मुताबिक बारिश न होने से नगर पालिका प्रशासन की नींद उड़ गई है। मानसून के मुख्य दिनों में ही पानी की इस गंभीर किल्लत को देखते हुए नगर पालिका कार्यालय में आनन-फानन में समीक्षा बैठक बुलाई गई।



नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जो आंकड़े सामने आए, वे बेहद चिंताजनक हैं। शहर की प्यास बुझाने वाले प्रमुख अमाही तालाब में वर्तमान में महज 7.5 फीट पानी ही बचा है। सामान्य दिनों में केवल गर्मी का सीजन सुचारु रूप से निकालने के लिए ही तालाब में कम से कम 12 फीट पानी का होना अनिवार्य माना जाता है। चिंता की बात यह भी है कि भू-जल स्तर न बढ़ने के कारण नगर के अधिकांश बोरवेल भी रीचार्ज नहीं हो पाए हैं। यदि सावन में भी झमाझम बारिश नहीं हुई, तो आने वाले महीनों में शहर को भयावह जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### सड़कों पर गूंज रहा लाउडस्पीकर, लीकेज रोकने के सख्त निर्देशः

पेयजल की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए नगर पालिका अब पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। नगर पालिका द्वारा शहर के सभी वार्डों और प्रमुख चौराहों पर गाड़ियों के जरिए लाउडस्पीकर से लगातार अनाउंसमेंट (मुनादी) करवाया जा रहा है, जिसमें नागरिकों से पानी की एक-एक बूंद बचाने और बेवजह पानी न बहाने की अपील की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नपा अध्यक्ष ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि शहर में जहां-जहां मुख्य पाइपलाइन में लीकेज हैं, उन्हें युद्धस्तर पर तुरंत ठीक किया जाए ताकि सप्लाई का पानी बर्बाद न हो। इस बैठक में जल समिति के अध्यक्ष महेंद्र भारद्वाज और उपयंत्री भानु कुशवाहा सहित जल प्रदाय विभाग का पूरा अमला मौजूद रहा।



# पुलिस गिरफ्त में आया स्मैक तस्कर, 6 ग्राम स्मैक मिली

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ एक और सफलता मिली है। थाना कोतवाली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 06 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जब्त की गई स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

दरअसल विगत दिवस पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पड़रिया रोड पर चौधरी साहब के फार्म हाउस के पास एक व्यक्ति कपड़ों में स्मैक छिपाकर बेचने के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 6 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान भूरा पुत्र अहमद खान निवासी जेल के पीछे, अशोकनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 487/2026 अंतर्गत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जिला जेल भेज दिया गया।कार्रवाई के बाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ इस जन-अभियान में सहभागी बनें और अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री या तस्करी की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## एक नजर में

### पिपरई में भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई चातुर्मास कलश स्थापना, उमड़ा जनसैलाब

**पिपरई।** नगर में आज परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के परम शिष्य 108 मुनि श्री दुर्लभ सागर जी, 108 आदर्श सागर जी, 108 स्वरूप सागर जी एवं बुद्ध महाराज जी के सानिध्य में भव्य चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मुनि श्री दुर्लभ सागर के पद प्रक्षालन का परम सौभाग्य मुनिश्री स्वरूप सागर के परिजन हितेश जैन को प्राप्त हुआ। वहीं श्री विद्यासागर ग्रुप (आरोन) द्वारा मुनि संघ को शास्त्र भेंट कर धर्म लाभ लिया गया। वहीं बोलियों के माध्यम से कलश स्थापना का सौभाग्य प्रथम कलश (पारसनाथ जी)की न्यौछावर राशि के साथ ब्रह्मचारिणी अनिता बहन एवं विकास, वैभव, विवेक (अथाईखेड़ा परिवार)। द्वितीय कलश (ज्ञान सागर जी) श्रीमती स्नेहलता, श्रीमती वंदना जी एवं जितेंद्र सिघाई परिवार, तृतीय कलश की राशि के साथ श्रीमती कविता और प्रदीप जैन, चतुर्थ कलश (समय सागर जी) ब्रह्मचारिणी बहन सोनाली दीदी, गोल्डी दीदी, प्रमोद कुमार व सौरभ कुमार मोदी और पंचम कलश (दुर्लभ सागर जी) अशोक कुमार भोपाली को प्राप्त हुआ। इस भव्य और आध्यात्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कोरबा सहित प्रदेश के गुना, अशोकनगर, मुंगावली, बंगला चौराहा और राजपुर जैसे कई स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिपरई पहुंचे।

### तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार तथा प्रभारी नायव तहसीलदार के मध्य कार्य विभाजन

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार जिले में पदस्थ तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार तथा प्रभारी नायव तहसीलदार के मध्य कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है ।जारी आदेशानुसार कुलदीप सिंह को अशोकनगर से तहसील मुंगावली, शंभु सिंह मीणा प्रभारी तहसीलदार को तहसील मुंगावली से तहसील नईसराय, ध्रुव सिंह बुन्देला प्रभारी नायव तहसीलदार को भू संसाधन प्रबंधन अशोकनगर से तहसील ईसागढ,आलोक श्रीवास्तव तहसीलदार नईसराय को तहसील अशोकनगर के लिये नवीन पदस्थावपना की गई है।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का आयोजन

**अशोकनगर।** शासकीय विधि महाविद्यालय में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत पूर्व प्राचार्य डॉ. रामवीरसिंह रघुवंशी उपस्थित हुये। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.गरिमा राठौर ने कार्यक्रम का आरम्भ मां सरस्वती की मूर्ति एवं महर्षि सांदीपनि की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सांदीपनि अलंकरण समारोह 2026 के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में का सीधा बेवकास्ट के माध्यम उज्जैन से किया गया। मुख्यसमंत्री जी के लाईव प्रसारण को महाविद्यालय की टीवी स्क्रीन पर देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम विधि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य गरिमा राठौर के निर्देशन, नोडल अधिकारी डा.जयदीप पाराशर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर जेवरात हड़पने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने दोनों आरोपियों से बरामद किए साढ़े तीन लाख के जेवर, आरोपी गए जेल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर निजी फोटो वायरल करने की धमकी देने और ब्लैकमेल कर लाखों के गहने हड़पने वाले दो शातिर आरोपियों को देहात थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लाख 40 हजार रुपये मूल्य के सोने के आभूषण बरामद करने में सफलता हासिल की है।

दरअसल घटना की शुरुआत इंस्टाग्राम से हुई थी। पीड़िता ने 23 जुलाई को देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक युवक उसे निजी फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर



भयभीत कर रहा है तथा ब्लैकमेल कर उसके सोने के आभूषण ऐंठ चुका है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर उप निरीक्षक अजीम अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण और साइबर साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी महेश यादव (25 वर्ष, निवासी मुरादपुर, जिला गुना) को हिरासत में लिया। वहीं पूछताछ में महेश ने जुर्म कबूलते हुए अपने साथी हमीरा यादव (33 वर्ष, निवासी अमरौदा, जिला गुना) की संलिप्तता बताई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इनके कब्जे से दो जोड़ी सोने की झुमकी, एक नथनी और एक जोड़ी सोने के बाले जब्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

### शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास द्वितीय शाढौरा के जर्जर भवन की होगी डिस्मेंटल की कार्यवाही

**अशोकनगर।** शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास द्वितीय शाढौरा का भवन जर्जर होने से कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा गिराये जाने की अनुशंसा सहित अग्रिम कार्यवाही की गई है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य अनुसूचित जाति विकास द्वारा उक्तह संस्थाो में प्रवेश या उसका उपयोग किया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

# मुंगावली में आरटीओ की बड़ी कार्रवाई, सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर स्कूल वाहनों के बनाए चालान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले स्कूल वाहनों और उनके संचालकों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी के नेतृत्व में मुंगावली क्षेत्र में स्कूल वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।** इस अचानक हुई कार्रवाई से नियम विरुद्ध दौड़ रहे वाहन चालकों और स्कूल प्रबंधनों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने बसों और अन्य स्कूली वाहनों के दस्तावेजों के साथ-साथ उनमें मौजूद सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। जांच में कई वाहनों में गंभीर खामियां पाई गईं। स्पीड



गवर्नर, पैनिक बटन, अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स जैसी अनिवार्य सुरक्षा सुविधाएं या तो गायब थीं या चालू हालत में नहीं थीं। इसके अलावा, आपात कालीन स्थिति से निपटने के लिए बनाए गए इमरजेंसी एक्जिट डोर और खिड़कियां भी जाम मिलीं। वहीं दस्तावेजों में कमी और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 4 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान सेंट मीरा स्कूल के वाहन से 40,000 रुपये और संस्कार प्ले स्कूल के वाहन से 5,000 रुपये सहित कुल 45,500 रुपये का शमन शुल्क (समण राशि) वसूला गया। आरटीओ क्षितिज सोनी ने स्पष्ट किया है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वाहनों में सुरक्षा उपकरणों का सही होना बेहद जरूरी है। परिवहन विभाग का यह चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि सभी स्कूल वाहन नियमानुसार सड़क पर चल सकें।

# शिक्षिका के आरोपों को लिपिक ने बताया निराधार

**कन्या स्कूल की शिक्षिका और लिपिक विवाद गहराया**

**बाबू ने कहा साधारण परिवार से हूं, इसलिए प्रताड़ित**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के शासकीय कन्या विद्यालय में शिक्षिका और लिपिक के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिक्षिका गंगा रघुवंशी द्वारा लिपिक जयंत पटेल पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए थाने व अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके समर्थन में कई कर्मचारी संगठन और समाज आगे आए। वहीं बुधवार को लिपिक जयंत पटेल ने मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखा और आरोपों को



पूरी तरह निराधार बताया।

प्रेसवार्ता के दौरान जयंत पटेल ने बताया कि शिक्षिका गंगा रघुवंशी द्वारा अभद्र व्यवहार के जो आरोप लगाए गए हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। ई-अटेंडेंस एजुकेशन पोर्टल से होने वाली प्रक्रिया से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुपस्थिति के संबंध में जब बातचीत हुई थी, तब कक्ष में अन्य लोग भी उपस्थित थे, जो यह पुष्टि कर सकते हैं कि कोई अभद्रता नहीं की गई। इसी प्रकार शिक्षिका देवकी ठाकुर द्वारा 7 माह का वेतन न मिलने के आरोप को भी उन्होंने सिरे से नकार दिया। इसके प्रमाण स्वरूप उन्होंने प्रत्येक माह के वेतन भुगतान की रसीदें बताई गई। वहीं उन्होंने कहा कि वे एक साधारण परिवार से हैं और हमेशा ईमानदारी एवं निष्ठा से नौकरी करते आए हैं। पिछले 5-6 दिनों से लग रहे इन आरोपों के कारण वे अत्यधिक मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। और काफी प्रताड़ित, उन्होंने न्याय व्यवस्था पर भरोसा जताते हुए मांग की है कि इस पूरे मामले में अंतिम निर्णय केवल निष्पक्ष जांच और तथ्यों के आधार पर ही किया जाए।

# गुरु पूर्णिमा पर ग्रामीणों ने किया पौधारोपण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा चयनित आदर्श ग्राम महू आलमपुर (सेक्टर 04, राजपुर) में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर वैदिक यज्ञ और श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अनार, आंवला, अमरूद, सीताफल, नींबू, जामुन और बेल के 15 फलदार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्य बलवीर सिंह यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को रोपे गए पौधों की रक्षा करने, गांव की गलियों में साफ-सफाई रखने और प्लास्टिक थैलियों का उपयोग बंद करने की शपथ दिलाई। वहीं, रामबली यादव ने सड़क सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और नशामुक्त रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सच्चा ज्ञान ही जीवन को सही दिशा देता है, इसलिए शिक्षा को अपना साथी बनाएं।

# पौधारोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश

**नवभारत अशोकनगर।** शहर के यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा और कोकिला महाव्रत बड़े ही उत्साह व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पुजारी जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मानव शरीर देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। दीन-दुखियों की सेवा और परमार्थ ही सबसे महान पूजा है। शरीर संसार के हित के लिए है, लेकिन जीवात्मा प्रभु की है, इसलिए मन सदैव ईश्वर में लगा रहना चाहिए। जो मनुष्य को धर्म से जोड़ दे, वही सच्चा सद्गुरु है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए बताया गया कि एक दिन भोजन कराने का पुण्य केवल एक दिन का होता है, लेकिन एक फलदार वृक्ष लगाने से सैकड़ों वर्षों तक भोजन कराने का पुण्य मिलता है। इस पुनीत संदेश को आत्मसात करते हुए मंदिर परिसर में आम, जामुन, नींबू, अमरूद



(जामफल) और सेब के पौधे लगाए गए।

**गुरु पर्व**

## गुरु पूर्णिमा पर सिद्ध धाम आमखेड़ा पर दिखा अनोखा नजारा

# पहले छुड़वाया नशा, फिर दी गुरु दीक्षा,भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलेभर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गुरु भक्ति, उत्साह और अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों व मठों में पहुंचकर अपने गुरुजनों का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर खीर-मालपुए के विशाल भंडारों का आयोजन हुआ, जहां हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

वहीं शहर के समीप स्थित ग्राम आमखेड़ा के श्री सिद्ध धाम पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। धाम के पीठाधीश्वर कल्याण दास महाराज जी ने गुरु दीक्षा लेने पहुंचे श्रद्धालुओं के सामने एक अनूठी शर्त रखी। उन्होंने गुरु दीक्षा देने से पहले सभी



अनुयायियों को किसी भी प्रकार का नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया। नशा मुक्ति की शपथ लेने के बाद ही उन्हें गुरु मंत्र और दीक्षा प्रदान की गई। इस पावन अवसर पर कुल 78 श्रद्धालुओं ने कुरीतियों और नशे को त्यागकर गुरु दीक्षा ग्रहण की।

**भजन संध्या में थिरके श्रद्धालु:**

गुरु पर्व के उपलक्ष्य में सिद्ध धाम परिसर में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भजन गायक हल्केराम कुशवाह और रूबी शर्मा ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दीं। गायकों के मधुर भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते और थिरकते नज़र आए, जिससे पूरा वातावरण गुरु भक्ति के जयकारों से गुंजायमान रहा। उल्लेखनीय है कि श्री सिद्ध धाम आमखेड़ा पर हर गुरूवार और शनिवार को दिव्य दरबार लगता है, जहां श्रद्धालुओं की अर्जी पर्चा के माध्यम से बताई जाती है।

# देव मुरारी बाबू ने बताया गुरु का महत्व

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के समीपस्थत ग्राम पर गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत धूमधाम और अगाध श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्म गोड बाबा का भव्य दरबार सजाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हाजिरी लगाई। इसके पश्चात मालपुआ, पूड़ी और सब्जी के भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर श्री राम कथा एवं भागवत कथा वाचक, जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु दीक्षा एक प्राचीन परंपरा है और गुरु के बिना किसी भी व्यक्ति का कल्याण



नहीं हो सकता; स्वयं देवर्षि नारद को भी गुरु बनाना पड़ा था। जिनके कोई भौतिक गुरु नहीं होते, उनके लिए भगवान शिव, श्रीकृष्ण और हनुमान जी स्वयं गुरु माने गए हैं। वहीं बापू ने कहा कि गुरु की उपाधि भगवान से भी बड़ी है। जो कार्य भगवान स्वयं नहीं करते, वह गुरु कर देते हैं। इसका उदाहरण राजा दशरथ का जीवन है, जिन्हें वृद्धावस्था में गुरु वशिष्ठ के आशीर्वाद से ही चार संतानों की प्राप्ति हुई थी।

पंच संस्कार और गुरु मंत्र के बिना किए गए दान-पुण्य का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। गुरु पूर्णिमा वह पावन अवसर है जब शिष्य अपने गुरु का पूजन कर वर्ष भर के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।